19332

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2017

# ELECTIVE COURSE : COMMERCE

# ECO-002 : ACCOUNTANCY–I

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

*Note : Attempt **any four** questions, including question no. **1** which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt **any two** questions from the following : **7+7**

(a) What do you understand by Dual Aspect Concept. Explain its accounting implications.

(b) What do you mean by Trial Balance ? State the errors which are not disclosed by the trial balance.

(c) What is Bank Reconciliation Statement ? State its advantages.

(d) Prepare an imaginary specimen of a bill of exchange, and state the purpose of noting thereon.

**2.** (a) State the procedure to be followed for preparing Receipts and Payments Account from the Income and Expenditure Account. **6+6**

(b) The following items relate to a sports club. Show how subscriptions will appear in the Income and Expenditure Account of the club for the year 2014-15 and its Balance Sheet as on 31-3-2015.

| | ₹ |
|---|---|
| Subscriptions received during the year 2014-15 | 1,84,000 |
| Subscriptions outstanding as on 31-03-2014 | 18,000 |
| Subscriptions received in advance as on 31-03-2014 | 11,600 |
| Subscriptions outstanding as on 31-03-2015 | 13,600 |
| Subscriptions received in advance as on 31-03-2015 | 6,000 |

3. Mr. Ahuja did not keep proper books of accounts. However, the following information is available from his records, for the year ending March 31st, 2015 : **12**

| | as on 31-03-14 ₹ | as on 31-3-15 ₹ |
|---|---|---|
| Cash in hand and at bank | 20,000 | 36,000 |
| Stock on hand | 3,00,000 | 2,60,000 |
| Sundry Debtors | 2,50,000 | 2,90,000 |
| Machinery | 4,00,000 | 4,00,000 |
| Sundry Creditors | 2,00,000 | 1,85,000 |

**Summary of cash Transactions**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Balance b/d | 20,000 | Cash paid to creditors | 5,50,000 |
| Cash received from Debtors | 8,65,000 | Wages | 1,01,000 |
| Cash sales | 42,000 | S. Expenses | 66,000 |
| Sale of old newspaper | 2,000 | Bldgs. purchased | 1,50,000 |
| Loan from Mrs. Ahuja (@ 6% p.a. on 1-10-14) | 20,000 | Drawings | 46,000 |
| | | Balance c/d | 36,000 |
| | 9,49,000 | | 9,49,000 |

**Additional Information :**

(a) During the year ₹ 5,000 had to be written off as bad.

(b) Provide Depreciation @ 15% on machinery.

(c) Outstanding expenses were ₹ 8,000.

Prepare Ahuja's Trading and Profit & Loss Account for the year ending March 31st, 2015 and the Balance sheet as on that date.

4. Write short notes on the following : **4+4+4**

(a) Depletion Method of Providing Depreciation.

(b) Imprest system of cash.

(c) Sinking Fund to Repay a Liability.

5. (a) Explain different types of errors with suitable examples. **6+6**

(b) Prepare Manufacturing Account from the following data relating to the year ended on 31st December, 2014.

| | ₹ |
|---|---|
| Raw materials purchased | 4,00,000 |
| Stock of raw materials on 1.1.2014 | 40,000 |
| Work-in-Progress on 1.1.2014 | 20,000 |
| Factory Wages | 60,000 |
| Factory Rent | 20,000 |
| Fuel & Power | 8,000 |
| Carriage Inwards | 4,000 |
| Repairs of Plant | 8,000 |
| Depreciation of plant | 20,000 |
| Sale of Scrap | 2,000 |
| Stock of raw materials on 31-12-2014 | 80,000 |
| Stock of Work-in-Progress on 31-12-2014 | 30,000 |

6. (a) A and B entered into a joint venture agreeing to share profits and losses equally. The following transactions took place during the course of the venture. **8+4**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| A | Bought goods for cash | 2,50,000 |
| B | Bought goods for cash | 7,00,000 |
| A | Paid storage charges | 50,000 |
| B | Paid freight & insurance | 80,000 |
| B | Sold goods for cash | 7,00,000 |
| B | Received 3% commission on sales made by him | |
| | Sales made by A | 5,00,000 |
| | Commission payable to A | 15,000 |
| B | Took over the unsold stock | 56,000 |

Prepare the necessary ledger accounts in the books of A, assuming that the accounts have been finally settled between them.

(b) Distinguish between normal and abnormal loss with an example.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2017

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-002 : लेखाविधि-I

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*
*कुल का : 70%*

**नोट :** *__किन्हीं चार__ प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह __अनिवार्य__ है।*

---

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7+7

   (a) द्विपक्षीय संकल्पना से क्या तात्पर्य है? लेखांकरण पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

   (b) तलपट से क्या तात्पर्य है? उन अशुद्धियों को बताइए जो तलपट द्वारा प्रकट नहीं की जाती।

   (c) बैंक समाधान विवरण क्या है? इसके लाभों का उल्लेख कीजिए।

   (d) कल्पित विवरण के आधार पर विनिमय पत्र का नमूना तैयार कीजिए तथा इस पर नोटिंग करने का उद्देश्य बताइए।

2. (a) आय-व्यय खाते से 'प्राप्ति एवं भुगतान खाता' तैयार करने के लिए अपनायी जाने वाली कार्यविधि की व्याख्या कीजिए। 6+6

   (b) निम्नलिखित मदें एक स्पोर्टस क्लब से संबंधित हैं। वर्ष 2014-15 के लिए क्लब के आय-व्यय खाते तथा 31 मार्च 2015 की बैलेंस शीट में चंदे की राशियाँ किस प्रकार दिखाई जाएंगी?

| | ₹ |
|---|---|
| वर्ष 2014-15 के दौरान प्राप्त चंदे की राशि | 1,84,000 |
| 31 मार्च 2014 को अदत्त चंदा | 18,000 |
| 31 मार्च 2014 को अग्रिम प्राप्त चंदा | 11,600 |
| 31 मार्च 2015 को अदत्त चंदा | 13,600 |
| 31 मार्च 2015 को अग्रिम प्राप्त चंदा | 6,000 |

3. अहूजा ने पूर्ण लेखे नहीं रखे हुऐ थे। 31 मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए उसके अभिलेखों से निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध हुई : **12**

| | 31-03-14 पर ₹ | 31-3-15 पर ₹ |
|---|---|---|
| हस्तगत रोकड़ एवं बैंक शेष | 20,000 | 36,000 |
| स्टॉक | 3,00,000 | 2,60,000 |
| विविध देनदार | 2,50,000 | 2,90,000 |
| मशीनरी | 4,00,000 | 4,00,000 |
| विविध लेनदार | 2,00,000 | 1,85,000 |

**नकद लेनदेनों का संक्षेप**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष | 20,000 | लेनदारों को दी गई राशि | 5,50,000 |
| देनदारों से प्राप्त राशि | 8,65,000 | मज़दूरी | 1,01,000 |
| नकद विक्रय | 42,000 | विविध व्यय | 66,000 |
| पुराने समाचार पत्रों का विक्रय | 2,000 | भवन का क्रय | 1,50,000 |
| श्रीमती अहुजा से प्राप्त ऋण (1-10-14 को 6% प्रतिवर्ष की दर से) | 20,000 | आहरण | 46,000 |
| | | शेष | 36,000 |
| | 9,49,000 | | 9,49,000 |

**अन्य सूचनाएँ :**

(a) ₹ 5,000 डूबत ऋण के अपलिखित किए जाने हैं।

(b) मशीनरी पर 15% की दर से मूल्यह्रास लगाया जाना है।

(c) अदत्त व्यय ₹ 8,000 थे।

31 मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अहुजा का 'व्यापार तथा लाभ व हानि खाता' और उस तिथि को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए उसकी 'बैलंस शीट' तैयार कीजिए।

**4.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **4+4+4**

(a) मूल्याह्रास के प्रावधान की अवक्षय (Depletion) विधि।

(b) नकद रखने की अग्रदाय पद्धति

(c) देयता के भुगतान के लिए परिशोधन निधि (Sinking Fund)।

**5.** (a) अशुद्धियों के विभिन्न प्रकारों की समुचित उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **6+6**

(b) 31 दिसंबर, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित ब्यौरा से विनिर्माण खाता (Manufacturing Account) तैयार कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| कच्चे माल का क्रय | 4,00,000 |
| 1.1.2014 को कच्चे माल का स्टॉक | 40,000 |
| 1.1.2014 को अर्द्धनिर्मित माल का स्टॉक | 20,000 |
| फैक्टरी मजदूरी | 60,000 |
| फैक्टरी किराया | 20,000 |
| ईंधन व पॉवर | 8,000 |
| आवक भाड़ा | 4,000 |
| प्लांट की मरम्मत | 8,000 |
| प्लांट का मूल्याह्रास | 20,000 |
| छीजन का विक्रय | 2,000 |
| 31.12.2014 को कच्चे माल का स्टॉक | 80,000 |
| 31.12.2014 को अर्द्धनिर्मित माल का स्टॉक | 30,000 |

6. (a) A तथा B एक संयुक्त उपक्रम में बराबर लाभ-हानी बंटन के आधार पर शामिल हुए। उपक्रम के दौरान निम्नलिखित लेनदेन हुए : **8+4**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| A | ने नकद माल खरीदा | 2,50,000 |
| B | ने नकद माल खरीदा | 7,00,000 |
| A | ने भंडार व्यय का भुगतान किया | 50,000 |
| B | ने भाड़ा व बीमा व्यय का भुगतान किया | 80,000 |
| B | ने नकद माल बेचा | 7,00,000 |
| B | को उसके द्वारा बेचे गए माल पर कमीशन मिला | 3% |
| A | द्वारा किया गया विक्रय | 5,00,000 |
| A | को देय कमीशन | 15,000 |
| B | ने बचा हुआ माल ले लिया | 56,000 |

यह मानते हुए कि उन्होंने आपस में अंतिम हिसाब किताब कर लिया है, A की पुस्तकों में आवश्यक लेजर खाते तैयार कीजिए।

(b) सामान्य हानि एवं असामान्य हानि में उदाहरण सहित अन्तर बताइए।